# महाकाल सवारी मार्ग पर कलेक्टर ने किया फोकस

▶ सवारी निकलने से पहले रास्ते होंगे दुरुस्त, निगमायुक्त भी रहे साथ




**उज्जैन।** यूं तो शहर का सारा विकास महाकाल मंदिर के इर्द -गिर्द ही रहता है। हालांकि इस बार सिंहस्थ के मद्देनजर हर क्षेत्र में निर्माण कार्य सौंदर्यीकरण विकास कार्य जो चल रहे हैं। उसी तारतम्य में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने दानीगेट, ढाबा रोड क्षेत्र का अवलोकन किया और बाबा महाकाल की सवारी के तहत जरूरी व्यवस्था जुटाए जाने के निर्देश दिए।

सोमवार को सरकारी मीटिंग से निपटते ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह मैदान में उतर पड़े और नगर निगम आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों को साथ लेकर सिंहस्थ के मद्देनजर किए जा रहे चौड़ीकरण आंतरिक सड़कों के निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। सबसे महत्वपूर्ण निर्देश दिए कि बाबा महाकाल की सवारी जिन मार्गों से होकर निकलती है वह मार्ग सबसे पहले दुरुस्त कर दिए जाए।

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में ढाबा रोड से दानी गेट तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान चौड़ीकरण में बाधा बन रहे एक अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही नाली में जमा पानी की निकासी कर जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया, ताकि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस अवसर पर नगर निगम के इंजीनियर और संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन का कहना है कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं, ताकि महाकाल की नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।


### महाकाल सवारी के पहले निपटाएं काम

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस मार्ग चौड़ीकरण का कार्य तय समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि महाकाल की वर्ष 2026 में निकलने वाली सवारी से पहले यह कार्य हर हाल में पूर्ण होना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। कलेक्टर सिंह ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को काम की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# दुर्गेशनंदिनी ने किया मप्र को गौरवांवित

**उज्जैन।** शहर की श्रीनगर कॉलोनी, मक्सी रोड, गोपालपुरा निवासी दुर्गेशनंदिनी शेखावत ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और उत्कृष्ट खेल कौशल से एक नई मिसाल कायम की है। गत दिनों गुवाहाटी (असम) में 25 से 28 मार्च 2026 तक आयोजित दूसरी पैरा नेशनल लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में उन्होंने बी 8 डबल्स कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। सुश्री शेखावत को इस अवसर पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा द्वारा बधाई दी गई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। यह प्रतियोगिता ऑल असम लॉन बाउल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में इंडियन लॉन बाउल्स फेडरेशन एवं पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के संयुक्त संयोजन में आयोजित हुई थी। इसमें देश के 16 राज्यों के महिला एवं पुरुष दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। मध्य प्रदेश के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि दुर्गेशनंदिनी उज्जैन जिले की पहली दिव्यांग खिलाड़ी हैं जिन्होंने राष्ट्रीय पैरा लॉन बाउल्स प्रतियोगिता में पदक हासिल किया है। मैच में मध्य प्रदेश ने उत्तराखंड को 11-9 से हराया और हरियाणा को 12-7 से पराजित किया। इन दोनों जीतों के साथ दुर्गेशनंदिनी शेखावत ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया और मध्य प्रदेश पैरा लॉन बाउल्स टीम को गौरवान्वित किया। मध्य प्रदेश पैरा लॉन बाउल्स एसोसिएशन के सचिव सूर्यदत्त जोशी तथा टीम कोच सक्षम प्रजापति ने दुर्गेशनंदिनी के शानदार प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की। यह उपलब्धि न केवल उज्जैन व मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह साबित करती है कि दिव्यांगता कोई बाधा नहीं, बल्कि नई ऊंचाइयों को छूने का प्रेरणास्रोत बन सकती है। दुर्गेशनंदिनी शेखावत की यह सफलता उन सभी दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है जो कठिनाइयों के बावजूद सपनों को साकार करने की राह पर अग्रसर हैं।

## एक नजर में



### व्यापारियों ने मांगी वैकल्पिक जगह

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर शहर के विकास कार्यों के अंतर्गत महाकाल ब्रिज का निर्माण शुरू हो गया है। इस परियोजना के चलते ब्रिज के नीचे लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार हटाने के आदेश जारी किए गए हैं। गुरुवार को हाट बाजार में वर्षों से व्यापार कर रहे सब्जी, फल, मछली और हाथठेला विक्रेताओं ने नगर निगम पहुंचकर वैकल्पिक स्थान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि उन्हें हाट हटाने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनके रोजगार को बनाए रखने के लिए अन्य उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए। संगठन के अध्यक्ष कमल कांत राजोरिया एवं अर्जुन कहार ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से महाकाल ब्रिज के नीचे यह साप्ताहिक हाट सफलतापूर्वक चल रहा है। अब पुल चौड़ीकरण और स्मार्ट सिटी परियोजना के चलते इसे हटाने का आदेश दिया गया है। अधिकांश व्यापारी मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत ऋण लिया है। हाट हटने से उनकी आय प्रभावित होगी, जिससे आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है। व्यापारियों ने कहा कि वे शहर के विकास कार्यों और सिंहस्थ 2028 की तैयारियों का समर्थन करते हैं। लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हाट हटाना उनके लिए नुकसानदायक होगा। इससे न केवल व्यापारी बेरोजगार होंगे, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी दैनिक आवश्यकताओं के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि साप्ताहिक हाट को होटल इम्पिरियल के पीछे या नीलगंगा स्थित कवेलू कारखाना क्षेत्र में स्थानांतरित किया जा सकता है। इससे व्यापारियों का रोजगार भी जारी रहेगा और शहर के विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगी। अंत में, व्यापारियों ने नगर निगम से शीघ्र वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने की अपील की है, ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा जा सके। इस मौके पर हीरा सन्तोष गुलेरिया, नीतीश झाला आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### सुरेन्द्र मालवीय और मुकेश जोशी का अभिनंदन

**उज्जैन।** श्री साईं सेवा समिति एवं साईं मंदिर ट्रस्ट की ओर से साईं मंदिर परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डेढ़ करोड़ श्रीराम नाम लिखकर समर्पित करने वाले मंदिर समिति के सदस्य व खिचड़ी समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय और प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साईं सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश परवाल ने की। समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों विभूतियों का शॉल, श्रीफल और पुष्पमालाओं से आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थितजनों ने सुरेंद्र मालवीय पर प्रभु श्रीराम की अनवरत कृपा बनी रहने तथा मुकेश जोशी के यशस्वी कार्यकाल की कामना की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर साईं मंदिर के ट्रस्टी ओम बंसल, सचिव हेमेंद्र खंडेलवाल, मंदिर प्रबंधक सत्यनारायण शर्मा, पं. योगेश व्यास, नरेंद्र मालवीय, रूपचंद जरिया, नारायण बहोरे, यशपाल यादव, उत्तम जायसवाल, बहादुरसिंह राठौड़, नरेंद्र विश्वकर्मा, मोहनलाल शाह, सुरेश सोलंकी, पीयूष मालवीय, अनिलसिंह राजपूत, राजेंद्र पटेल, भरत पोरवाल, दिलीप वेद, एडवोकेट जाहिद नूर और जनार्दन नातू ने स्वागत किया। संचालन बहादुरसिंह राठौड़ ने किया तथा आभार नरेंद्र मालवीय ने माना।

# नरवर थाना पुलिस ने सुपारी कांड के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार



**उज्जैन।** सुपारी देकर परिवार पर हमला करवाने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। सुपारी देने वाला बदमाश हिस्ट्रीशीटर है। नरवर थाना पुलिस ने बताया कि कुछ माह पहले क्षेत्र में रहने वाले अभिषेक परमार और उसके परिवार पर रास्ता रोककर हमला किया गया था। अभिषेक की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद लाखन, कृष्णा अवतार, रंजीत, अर्जुन एवं विजय गुर्जर निवासी बलाई खेड़ा थाना भौरासा जिला देवास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि मुख्य आरोपी अजय परमार द्वारा फरियादी एवं उसके परिवार के हाथ-पैर तोड़ने हेतु 5 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। पुलिस ने अजय को भी आरोपी बनाकर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। चार माह बाद सूचना मिलने पर पुलिस ने मुख्य आरोपीअजय पिता बाबूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी सिलारखेड़ी, हाल मुकाम महाकाल वाणिज्य कॉलोनी उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा एवं 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

# भाजपा कार्यालय पर मनाया स्थापना दिवस

▶ जनप्रतिनिधियों ने झंडा फहराया, वहीं 560 बूथों पर मनाया जश्न

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सोमवार को भाजपा कार्यालय सहित नगर के सभी 560 बुथों पर हर्षोउल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का झंडा फहराया। इसके पश्चात जुलूस के रूप में सभी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ टॉवर चौक पर पंहुचे। यहां कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित कर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक चिंतामणि मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव व भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा के स्थापना दिवस पर अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कर कर्तकर्ताओं को संबोधित कर बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और निगम सभापति कलावती यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ओम जैन, किशोर खंडेलवाल, वीरेंद्र कावड़िया, जितेन्द्र कृपलानी, प्रमिला यादव सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रेम विवाह करने वाले युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**उज्जैन। प्रेम विवाह करने वाले तीन बेटियों के पिता ने रविवार शाम जहर खा लिया था, पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची थी। रातभर चले उपचार के बाद आज तड़के मौत हो गई। मृतक की मां ने पत्नी पर आरोप लगाया है।**

सांवेर के समीप ग्राम टिटावद में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता सालिगराम सोनगरा ने वर्ष 2012 में पंवासा की रहने वाली सुनीता के साथ प्रेम विवाह किया था। तीन साल पहले सुनीता और धर्मेन्द्र ग्राम टिटावद छोड़कर पंवासा में रहने आ गए थे। प्रेम विवाह के बाद उनकी तीन बेटियां हुई थी। सभी पंवासा में रह रहे थे। सुनीता पुष्ठा फैक्ट्री में काम करने लगी थी वहीं धर्मेन्द्र मजदूरी कर रहा था। लेकिन कुछ समय पहले वह अपने गांव टिटावद लौट गया। जहां से रविवाद को पंवासा आया था और जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची जहां रातभर चले उपचार के बाद धर्मेन्द्र की मौत हो गई। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान धर्मेन्द्र की मां रामकुंवरबाई ने बहू सुनीता पर गंभीर आरोप लगाया। उसका कहना था कि सुनीता के अवैध संबंध राजू नामक युवक से हैं। जिसको लेकर धर्मेन्द्र और सुनीता के बीच विवाद होता था। कुछ समय पहले राजू और धर्मेन्द्र के बीच मारपीट भी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# चोरी के टायर बेचने निकले दो युवक हिरासत में

▶ अन्य साथियों के संबंध मेंपूछताछ, पिकअप वाहन भी किया जब्त



**उज्जैन। रात में खड़े ट्रक के टायर चोरी करने वाले दो बदमाश पुलिस की हिरासत में आ गए हैं। पूछताछ कर उनके साथियों की जानकारी जुटा जा रही है। बदमाशों से दो टायर और पिकअप जब्त की गई है।**

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि 4 अप्रैल को असीम कुमार तिलकर निवासी किशनपुरा अपने मैनेजर योगेन्द्र चौधरी के साथ थाने आया था और रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ट्रांसपोर्ट व्यवसाय करता है। उसकी गाड़ियां पाण्ड्याखेड़ी ब्रिज के पास मैदान में खड़ी रहती हैं। रात में खड़े ट्रक पीछे के बाएं साइड के दो एवं दाएं साइड का एक टायर (मय डिस्क) अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये गए हैं। शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई क्षेत्रों में सघन तलाश, झाड़ियों, कबाड़ दुकानों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर पुलिस टीम पहुंची और सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया गया। तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गरोठ हाईवे, खिलचीपुर के पास एक पिकअप वाहन में दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में ट्रक के टायर बेचने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अगर रोड गरोठ हाई-वे सर्विस रोड पर बैरागी मोटर्स लिखी पिकअप गाड़ी खड़ी मिली। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा वाहन चालक को भी हिरासत में लिया गया।

### टायर के साथ ही डिस्क भी निकाल ली थी

पूछताछ में उनके नाम मुकीम पिता मुमताज वर्ष, इरशाद पिता मुमताज, निवासी क्षत्री मोहल्ला, घोसला, थाना राघवी होना सामने आए। दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया और बताया कि रवि एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर पाण्ड्याखेड़ी ब्रिज के पास खड़े ट्रक को निशाना बनाया और ट्रक के तीन टायर मय डिस्क खोलकर पिकअप वाहन में रखकर ले गए थे। सामाजन जब्त कर साथियों की तलाश शुरू की है। टीआई के अनुसार बरामद टायर और पिकअप की कीमत 11.50 लाख है।

# जीवनदीप संस्था के सेवा कार्य देश के लिए एक अनूठा उदाहरण : देवेंद्र ब्रह्मचारी




**उज्जैन।** शनिवार को स्थानीय होटल प्रतिकल्पा में जीवनदीप संस्था की ओर से एक विशेष संवाद एवं समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित भारत गौरव देवेंद्र ब्रह्मचारी ने कहा कि जीवनदीप संस्था के सेवा कार्य पूरे देश के लिए एक अनूठा उदाहरण हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज के कृपापात्र देवेंद्र ब्रह्मचारी, गच्छाधिपति आचार्य दौलत सागर व आचार्य हर्षसागर की कृपापात्र साध्वीवर्या नमीवर्षा की प्रेरणा से उज्जैन पधारे हैं। उन्होंने संस्था के फिजियोथेरेपी, स्वास्थ्य शिविर और एंबुलेंस सेवा जैसे प्रकल्पों की निरंतरता व पारदर्शिता की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं के सेवाभाव की मुक्तकंठ से अनुमोदना की। ब्रह्मचारी ने खाराकुआं में विराजित आचार्य विश्वरत्न सागर से भी भेंट की। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पारसचंद्र जैन, नारायण यादव, अशोक जैन सहित शहर के प्रबुद्ध नागरिक, जीवनदीप संस्था के मार्गदर्शक, सक्रिय सदस्य और महिला विंग की सदस्याएं उपस्थित थीं। अतिथियों ने संस्था की गतिविधियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में महिला विंग की श्वेता चोपड़ा ने सभी का आभार माना।

### उज्जैन बनेगा बड़े सेवा संकल्पों का साक्षी

कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी घोषणा की गई। देवेंद्र गुरुजी के निर्देशन में आगामी 3-4 माह उपरांत उज्जैन में एक विशाल सेवा समागम आयोजित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य देश के प्रतिष्ठित कॉरपोरेट घरानों, उद्योगपतियों और देश-विदेश के श्रेष्ठिवर्यों को जीवनदीप की कार्यप्रणाली और सेवा कार्यों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है।

# 9 को देवास गेट पानी की टंकी पर होगी महापौर चौपाल

▶ पीएचई विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण होगा

**उज्जैन।** 9 अप्रैल गुरुवार को पेयजल से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय पर महापौर चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए महापौर नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका तत्काल निराकरण करेंगे।

जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 9 अप्रैल गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में महापौर चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अवैध नल कनेक्शन को वैध करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन उपभोक्ताओं के द्वारा नल कनेक्शन की राशि जमा करवा दी गई है, उसके बाद भी उनको बिल जमा करने के लिए एसएमएस आ रहे हैं। उनकी समस्या का भी तत्काल निदान किया जाएगा। इस हेतु विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिसमें पीएचई विभाग से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा।

# गढ़कालिका में दिव्य मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

▶ भर्तृहरि गुफा पर महाकाल मंदिर के
▶ वरिष्ठ पुजारी ने रखी आधारशिला



**उज्जैन।** श्री कामधेनु हर्बल हेल्थ केयर द्वारा गढ़कालिका रोड स्थित भर्तृहरि गुफा क्षेत्र में दिव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संस्था प्रमुख हिमांशु शर्मा ने बताया कि यह मंदिर निर्माण वैद्य पं. पूनम चंद शर्मा के दिव्य स्वप्न और पावन संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। श्री कामधेनु हर्बल का मुख्य लक्ष्य आयुर्वेद का पुनरुत्थान, प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निस्वार्थ मानव सेवा और गौ सेवा करते हुए जन-जन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। मंदिर निर्माण का भूमि पूजन अखिल भारतीय पुजारी महासंघ और महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर के वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी तथा महेश गेहलोत के कर कमलों द्वारा किया गया।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में रूपेश मेहता, आशीष अग्निहोत्री, मंगल पुजारी, राजेश बैरागी, राहुल व्यास, राम शर्मा, जितेंद्र अग्निहोत्री, डॉक्टर सुमित सिंह, अमन गेहलोत, शंकर लाल जी, प्रेम गेहलोत, यथार्थ शर्मा, दिव्यम शर्मा, कार्तिक शर्मा, प्रतीक गेहलोत, अशोक गेहलोत, अर्पित टांक उपस्थित रहे। इनके साथ ही पुजारी महासंघ और महाकाल सेना एवं पदाधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व गणमान्य नागरिकों का स्वागत संस्था के राजीव शर्मा ने किया तथा अंत में आभार व्यक्त किया।

**महाकाल में दान आया** ▶ 29 किलो चांदी से बने, पगड़ी, मुकुट, मुण्डमाल, कुंडल सहित कई सामग्री

# गुजरात के भक्त ने महाकाल को चढ़ाए 70 लाख की चांदी के आभूषण



**उज्जैन।** महाकाल के दरबार में अभी भक्तों की भीड़ जमकर उमड़ रही है। जिसमें आने वाले श्रद्धालु दान भी बढ़चढ़कर दे रहे हैं। इसके साथ ही भस्मारती और अन्य दर्शार्थियों को काफी आसानी से दर्शन हो रहे हैं। एक से बढ़कर एक दानदाता आते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार नकद राशि से लेकर सोने-चांदी से बने आभूषण तक भेंट कर जाते हैं। ऐसे ही गुजरात से आए एक दानदाता ने सोमवार को 70 लाख रुपए कीमत की चांदी से निर्मित आभूषण भगवान महाकाल को चढ़ाए।

भक्त अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचा और पंडे-पुजारियों से पूजन-अर्चन कराने के बाद उसने चांदी की इतनी सारी सामग्री मंदिर में भेंट की। यह लगभग 29 किलो 941 ग्राम चांदी से बनी है। महाकाल समिति के सहायक प्रशासक एसएन सोनी ने बताया अहमदाबाद गुजरात के रहने वाले भक्त महेश भाई भगवानदास ठाकुर ने चांदी की यह कीमती सामग्री दान स्वरूप मंदिर में भेंट की है। समिति ने सामग्री प्राप्त करने के बा दानदाता का नंदीहाल में दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रसाद भेंट कर दानदाता का सम्मान किया।

क्या-क्या सामग्रियां दी-भक्त ने दान में चांदी की एक पगड़ी, गंगाजली मुकुट, नागफन जड़ित मुकुट, सूर्यकिरण जड़ित मुकुट, चंद्रमा युक्त मुकुट, मुण्डमाला, कुंडल, कटोरा, धूपिया, गरुड़, डमरू, घंटी, रुद्राक्ष माला, त्रिपुण्ड, चंवर, चंद्रमा, नेत्र सहित कई प्रकार की सामग्री दी है जो बाबा महाकाल के श्रृंगार व भोग आदि में काम आएगी। इस सामग्री का वजन के अनुसार बाजार में मूल्य लगभग 70 लाख रुपए बताया जा रहा है। हालांकि चांदी की शुद्धता की जांच के बाद वास्तविक कीमत समिति रिकॉर्ड में दर्ज करेगी।

### अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का लग रहा तांता

शहर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। सबसे ज्यादा श्रद्धालु जो कि महाकाल दर्शन करते हैं। वे कालभैरव की ओर भी जा रहे हैं। जिससे वहां पर भीड़ काफी संख्या में बढ़ रही है। इसके साथ ही गढ़कालिका माता मंदिर, बगलामुखी माता मंदिर जिसमें अभी कुछ दिनों पूर्व ही प्राणप्रतिष्ठा हुई। यहां पर भी भक्तों का तांता लग हुआ है। वहीं डॉक्टर हनुमान, अर्जी वाले हनुमान भी अधिक भीड़ उमड रही है।